प्रेस नोट ***02/04/2026***

थाना दोहरीघाट पुलिस , एसओजी व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा थाना दोहरीघाट क्षेत्र में हुयी हत्या का सीसीटीवी की मदद से सफल अनावरण करते हुए हत्या का 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार एवं क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी थाना दोहरीघाट मय टीम, एसओजी प्रभारी उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय टीम व स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह मय टीम द्वारा थाना दोहरीघाट क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गदयापार निवासी रामभवन चौहान पुत्र स्व0 इन्द्रदेव चौहान की हुयी हत्या का सीसीटीवी की मदद से सफल अनावरण करते हुए कल दिनांक 01.04.2026 को प्रभारी निरीक्षक मय हमराह के वांछित अभियुक्त अभियुक्त गनौर उर्फ गनौरी पुत्र कमेश्वर मांझी निवासी ढीमरापार थाना थरथारी जिला नालंदा (बिहार) को समय करीब 13.45 बजे कुसम्हा से मादी जाने वाले मार्ग पर पनईल बिहटा गांव के सामने नहर पर पेड़ के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त की निशानदेही पर मृतक रामभवन चौहान पुत्र स्व0 इन्द्रदेव चौहान निवासी ग्राम मोहम्मदपुर गदयापार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ की नील रंग की HONOR मोबाईल बरामद की गयी है पुछताछ में अभियुक्त द्वारा शराब खरीदने को लेकर पैसे के लेन देने की बात को लेकर हुये विवाद में घटना को अंजाम देने की बात बतायी है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त गनौर उर्फ गनौरी पुत्र कमेश्वर मांझी निवासी ढीमरापार थाना थरथारी जिला नालंदा (बिहार) को नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अभियोग का विवरण जिसमे वांछित है।

1. मु0अ0स0 53/2026 धारा 103(2) बीएनएस थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

गिरफ्तार शुदा नाम पता अभियुक्त

1. गनौर उर्फ गनौरी पुत्र कमेश्वर मांझी निवासी ढीमरापार थाना थरथारी जिला नालंदा (बिहार)

बरामदगी का विवरण

1. मृतक की निले रंग की HONOR मोबाइल

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार त्रिपाठी थाना दोहरीघाट जनपद मऊ
2. निरीक्षक अपराध श्री सुबाषचन्द्र यादव थाना दोहरीघाट जनपद मऊ
3. एसओजी प्रभारी उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय टीम जनपद मऊ
4. स्वाट/सर्विलांस टीम प्रभारी उ0नि0 प्रमोद कुमार सिंह मय टीम जनपद मऊ
5. का0 दुर्गेश कुमार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ
6. का0 आनन्द कुमार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ
7. हे0का0 रामलवट यादव थाना दोहरीघाट जनपद मऊ

8. का0 जितेन्द्र कुमार थाना दोहरीघाट जनपद मऊ

03 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 02.04.2026 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त नसीन पुत्र मोहीउद्दीन निवासी इकौना थाना मुहम्मदाबाद, राजेश राजभर पुत्र रमई राजभर निवासी कोइरीयापार थाना मुहम्मदाबाद एवं थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गुड्डु पुत्र शिवलोचन निवासी बांसगाँव थाना तरवा जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्राड हुए 8400/- रुपये आवेदक को वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी मु0बाद श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय व प्रभारी निरीक्षक श्री कमलकांत वर्मा थाना मुहम्मदाबाद के निर्देशन में, थाना स्थानीय के साइबर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के जांच के क्रम में आवेदक रितेश कश्यप पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी करहा थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ द्वारा साइबर पोर्टल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक के साथ 8,400/- रुपये का फ्रॉड हो जाने के संबंध में शिकायत की जांच के क्रम में थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम की उ0नि0 प्रवीण कुमार म0आ0 प्रिया सिंह व म0आ0 शालिनी मौर्या द्वारा कार्यवाही करते हुए आवेदक के फ्रॉड की गई धनराशि 8,400/ रु0 को उसके खाते में वापस कराया गया।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद मऊ में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एण्टी रोमियो टीमों को सक्रिय किया गया है। पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा जनपद की समस्त एण्टी रोमियो टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थित स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, बाजार एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से भ्रमण कर सघन चेकिंग अभियान चलाएं। निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे स्थानों पर जहां बालिकाओं एवं महिलाओं का आवागमन अधिक रहता है, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। चेकिंग के दौरान यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है या किसी प्रकार की छेड़छाड़/अशोभनीय व्यवहार करता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जाए।

मऊ पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।